भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 2832**

जिसका उत्तर 12.12.2024 को दिया जाना है

**सड़क दुर्घटना**

2832. श्री सेल्वाराज वी.:

श्री सुब्बारायण के.:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि अन्य देशों की तुलना में देश में सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों की संख्या सर्वाधिक है;

(ख) यदि हां, तो वर्ष 2021 में और उसके बाद अब तक सड़क दुर्घटनाओं और उनमें मारे गए/घायल हुए लोगों की संख्या का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) देश में सड़क दुर्घटनाओं की लगातार बढ़ती संख्या के क्या कारण हैं?

**उत्तर**

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री
(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) 2021 में प्रकाशित सड़क दुर्घटनाओं और चोटों पर विश्व बैंक के अध्ययन के अनुसार, दुनिया में सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों की संख्या भारत में सबसे अधिक है।

(ख) राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर भारत में सड़क दुर्घटनाओं पर केन्द्र सरकार द्वारा प्रकाशित 2022 के रिपोर्ट के अनुसार, कैलेंडर वर्ष 2021 से 2022 तक देश में सड़क दुर्घटनाओं की कुल संख्या और सड़क दुर्घटनाओं में मौतों की संख्या नीचे तालिका में दी गई है:-

| **वर्ष** | **दुर्घटनाएं** | **मौतें** | **घायल** |
|---|---|---|---|
| 2021* | 4,12,432 | 1,53,972 | 3,84,448 |
| 2022 | 4,61,312 | 1,68,491 | 4,43,366 |

* - *कोविड प्रभावित वर्ष*

(ग) "भारत में सड़क दुर्घटनाएं, 2022" रिपोर्ट के अनुसार, सड़क दुर्घटनाएं कई कारणों जैसे तेज गति से वाहन चलाना, मोबाइल फोन का उपयोग करना, नशे में गाड़ी चलाना/शराब और मादक पदार्थों का सेवन, गलत साइड में गाड़ी चलाना/लेन अनुशासनहीनता, लाल बत्ती का उल्लंघन, हेलमेट और सीट बेल्ट जैसे सुरक्षा उपकरणों का उपयोग न करना, वाहनों की स्थिति, मौसम की स्थिति, सड़क की स्थिति आदि से होती हैं।

*****